हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

04 देव दर्शन भी सर्वोत्कृष्ट और महत्वपूर्ण साधना...



07 अशोकनगर मंडी में आवक का आंकड़ा इस साल 13.99 प्रतिशत ही रहा





## नगर के इंवेंट

### अस्पताल परिसर में तंबाकू सेवन पर 13 व्यक्तियों पर 1450 रुपए का जुर्माना



**गुना।** जिले में जिला चिकित्सालय परिसर को स्वच्छ एवं तंबाकू-मुक्त बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सघन कार्रवाई की गई। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषिवर के मार्गदर्शन में अस्पताल परिसर एवं विभिन्न वार्डों में निरीक्षण किया गया।कार्यवाही के दौरान अस्पताल परिसर में तंबाकू का सेवन करते पाए गए 13 व्यक्तियों पर कुल 1450 रुपये का जुर्माना लगाया गया। कुछ पढ़े-लिखे और शिक्षित व्यक्ति भी नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जबकि कई जागरूक नागरिकों ने इस पहल की सराहना की।डॉ. आर.एस. भाटी (मानसिक रोग विशेषज्ञ) और डॉ. विशाल डाबर (मेडिकल ऑफिसर) ने जुर्माना कार्रवाई में व्यवधान उत्पन्न करने वालों को समझाइश दी और अस्पताल परिसर को स्वच्छ व तंबाकू-मुक्त बनाए रखने में सहयोग करने हेतु प्रेरित किया।राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी विनीता सोनी ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य केवल जुर्माना वसूलना नहीं, बल्कि आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों से बचाना और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरुक करना है। आज की कार्यवाही में इमरती वर्मा, नमिता खादिकर, शैलेन्द्र सिंह, रेखा शर्मा, आदिल खान, सदीक खान, अजीम अख्तर और मोनू जाटव ने भी सक्रिय सहयोग दिया।

### मधुसूदनगढ़ में भूसा से भरे तीन ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर थाने में कार्रवाई हेतु रखवाए



**गुना ।** कलेक्टर किशोर कन्याल के द्वारा अनाधिकृत रूप से जिले से बाहर ले जाने वाले किसी भी प्रकार के भूसे को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया है। फिर भी चोरी छुपे लोग भूसे का परिवहन कर रहे हैं। इसी क्रम में राघोगढ़ एसडीएम अमित कुमार सोनी के निर्देश पर तहसील मकसूदनगढ़ के अंतर्गत रात्रि में तीन ट्रैक्टर ट्रॉली में ओवरलोड भूसे को भरकर तहसील लटेरी जिला विदिशा की ओर ले जा रहे थे। तभी तहसीलदार डॉ. उदय सिंह नायब तहसीलदार, कमल सिंह कोली पटवारी, राकेश यादव थाना प्रभारी संदीप, यादव सहित राजस्व एवं पुलिस पुलिस की संयुक्त कार्रवाई द्वारा मौके पर जप्त कर थाना मधुसूदनगढ़ में अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया गया। गुना जिले में भूसे को अन्य जिले में ले जाने हेतु प्रतिबंधित होने से भूसा परिवहन पर लगातार कार्यवाही जारी रहेगी।

### आज विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह रहेगा बाधित

**गुना।** सहायक प्रबंधक शहर विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही एआईआर सब–स्टेशन से निकलने वाले 11 केव्ही बीजी रोड फीडर पर मेंटनेंस कार्य होने से 9 अप्रैल सुबह 9 बजे से दोपहर 02 बजे तक बजरंगगढ बायपास रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, विंध्यानचल कॉलोनी, साईधाम पार्ट-2, विर्धाथि नगर, गुर्जर कॉलोनी, पत्रकार, फुलवारी कॉलोनी, गोकुल सिह का चक, ट्रांसपोर्ट नगर, चिंताहरण वाला क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। उक्त विद्युत कटौती समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढाय़ा भी जा सकता है।

# कोरोना काल के दिवंगत पत्रकारों को श्रद्धांजलि दी, सेवा के रूप में किया अन्नदान

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले से एक भावुक और प्रेरणादायक खबर सामने आई है, जहां कोरोना काल में दिवंगत हुए पत्रकार साथियों की स्मृति में एक सराहनीय सेवा कार्य का आयोजन किया गया।

प्रेस क्लब जिलाध्यक्ष आनंद सिंह लोढा के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय स्थित सेवा भारती परिसर में पत्रकार गण पहुंचे और वहां पर संस्था के पदाधिकारियों को अनुदान के रूप में गेहूं दाल चावल और तेल आदि राशन राशन भेंट किया।

ज्ञात हो कि सेवा भारती द्वारा न्यूनतम मूल्य में जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है यह भोजन जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को दिया जाता है प्रेस क्लब के द्वारा इसमें सहयोगी बनने पर पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया।





### दिवंगत पत्रकारों को दी गई श्रद्धांजलि

इस अवसर पर कोरोना काल में दिवंगत हुए पत्रकारों में स्वर्गीय शिवदान सिकरवार, राजा श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव, सुनील शर्मा, रवि श्रीवास्तव, विशाल कदम, नरेंद्र भार्गव, निर्मल साहू , अफसर खान डंपी और गोविंद पलिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

विधि विधान और वैदिक रीति रिवाज से अन्य दान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें शामिल हुएकार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजन-अर्चन और भोग लगाकर की गई। इसके बाद पत्रकारों ने सेवा भारती में मौजूद मरीजों के अटेंडरों को भोजन परोसा। भोजन में रोटी, सब्जी, दाल और खीर शामिल रही।

### प्रेस क्लब अध्यक्ष का संदेश


इस मौके पर प्रेस क्लब अध्यक्ष ने बताया कि प्रेस क्लब सभी 234 सदस्य हर वर्ष 1100-1100 रुपये एकत्रित कर सेवा भारती को सहयोग राशि प्रदान करेंगे, ताकि यह सेवा कार्य लगातार चलता रहे। इस मौके सभी पत्रकार साथियों ने दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि दी और इस पुण्य कार्य में सहभागी बने।कोराना काल में दिवंगत हुए पत्रकार साथियों की स्मृति में प्रेस क्लब जिलाध्यक्ष आनंद सिंह लोढा के सानिध्य में जिले के पत्रकारों और वितरक बंधुओ ने सेवा भारती को अन्नदान भेंट कर दिवंगतों का पुण्य स्मरण किया है।

### अन्नदान करने का संकल्प लिया

पत्रकारों और वितरक बंधुओ ने भी अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि स्वरुप अनुदान करने का संकल्प लिया ।भविष्य में भी यह श्रृंखला इसी तरह से जारी रहेगी ।बता दें कि प्रेस क्लब के द्वारा प्रतिवर्ष यह आयोजन किया जाता है।

## किसानों को गेट पर ही मिलेगा नंबर

# गुना कृषि उपज मंडी में अव्यवस्था दूर करने टोकन प्रणाली लागू होगी


कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति गुना जिला गुना (म.प्र.)

टोकन पुस्तिका क्र. सरल क्र.

दिनांक

कृषक का नाम

पता

वाहन क्रमांक

जिंस धनिया

कर्मचारी के हस्ताक्षर



**मंडी परिसर में ट्रैक्टर-ट्रालियां इधर-उधर खड़ी होने से आवाजाही बाधित हो रही**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कृषि उपज मंडी में इन दिनों बंपर आवक के चलते ट्रैक्टर-ट्रालियों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे मंडी परिसर में अव्यवस्था का माहौल बन गया है। किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है और ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी करने को लेकर परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए अब मंडी प्रशासन ने टोकन प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है।

मंडी सचिव आरपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शीघ्र ही मंडी गेट पर ही किसानों को टोकन नंबर की पर्ची दी जाएगी। इस टोकन नंबर के आधार पर ही ट्रैक्टर-ट्रालियों को मंडी परिसर में व्यवस्थित तरीके से खड़ा कराया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग जिन्स (फसलों) के अनुसार टोकन नंबर के कट्टे पहले से ही छपवा लिए गए हैं।वर्तमान स्थिति में बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, जिससे पार्किंग की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण अव्यवस्था फैल रही है। मंडी परिसर में ट्रैक्टर-ट्रालियां इधर-उधर खड़ी होने से आवाजाही बाधित हो रही है और मंडी गेट पर घंटों जाम की स्थिति बन जाती है। इससे न केवल किसानों को असुविधा होती है, बल्कि मंडी कर्मचारियों को भी डाक नीलामी की प्रक्रिया पूरी करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

कई बार ट्रैक्टर-ट्राली खड़ी करने को लेकर किसानों के बीच विवाद की स्थिति भी बन जाती है, जिससे माहौल तनावपूर्ण हो जाता है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मंडी प्रशासन ने यह कदम उठाया है, ताकि मंडी में व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके।टोकन प्रणाली लागू होने के बाद उम्मीद है कि ट्रैक्टर-ट्रालियों की पार्किंग व्यवस्थित होगी, जाम की समस्या से राहत मिलेगी और किसानों को अपनी उपज बेचने में आसानी होगी। साथ ही मंडी में कामकाज भी अधिक सुचारु और पारदर्शी तरीके से हो सकेगा।

# 4 लाख की साइबर ठगी का आरोपी उदयपुर से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

गुना जिले की कुम्भराज थाना पुलिस ने 74 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में एक आरोपी को राजस्थान के उदयपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर फर्जी लिंक भेजकर पीड़ित को झांसे में लिया था। पुलिस के अनुसार, फरियादी यश श्रीमाल निवासी कुम्भराज ने जुलाई 2025 में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात लोगों ने खुद को "Canyon Asset" कंपनी का प्रतिनिधि बताकर वाट्सएप के माध्यम से निवेश कराने का लालच दिया। शुरुआत में लाभ दिखाकर विश्वास जीता गया और बाद में अलग-अलग खातों में करीब 74 लाख रुपये जमा करा लिए गए। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और बैंक खातों के आधार पर आरोपी की पहचान सुनील चौधरानी निवासी उदयपुर, राजस्थान के रूप में हुई। पुलिस ने 7 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक या निवेश प्रस्ताव पर बिना सत्यापन के भरोसा न करें और साइबर ठगी से सतर्क रहें।



### ट्रैक्टर के मडगार्ड पर बैठना पड़ा भारी, पहिए के नीचे आने से युवक की मौत

गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र में मंगलवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा मुहाल कॉलोनी और मीनापुरा के बीच उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार ट्रैक्टर की मडगार्ड पर बैठा युवक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिर गया।जानकारी के अनुसार, मृतक सोनू सहरिया निवासी हड्डी मील गुना ट्रैक्टर पर बैठा हुआ था। इसी दौरान चालक मिथुन सहरिया द्वारा लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से सोनू नीचे गिर गया और ट्रैक्टर का पहिया उसके ऊपर से गुजर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही 112 डायल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बमोरी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचनाकर्ता की रिपोर्ट पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# अंबेडकर चौराहे पर गूंजी पुलिस बैंड की धुनः युवाओं को भर्ती के लिए प्रेरित करने ग्वालियर से पहुंची विशेष टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस बैंड भर्ती परीक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए शहर के प्रमुख आंबेडकर चौराहे पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्वालियर स्थित 2nd बटालियन की पुलिस बैंड टीम ने अपनी आकर्षक और मधुर धुनों की प्रस्तुति दी, जिसने राहगीरों और विशेषकर युवाओं का ध्यान अपनी ओर खींचा।इस संगीतमय आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को पुलिस बैंड में करियर बनाने के प्रति प्रेरित करना और आगामी भर्ती परीक्षा की जानकारी देना रहा। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से भर्ती प्रक्रिया के प्रति युवाओं में उत्साह बढ़ता है और अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे, जिन्होंने बैंड टीम की कार्यकुशलता और प्रस्तुति की सराहना की। युवाओं को बताया गया कि वे अपनी संगीत प्रतिभा के माध्यम से पुलिस बल का हिस्सा बनकर देश सेवा कर सकते हैं।




### कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का किया बाहरी मासिक निरीक्षण

**गुना।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किशोर कुमार कन्याल द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का बाहरी मासिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कन्याल द्वारा सर्वप्रथम सीसीटीवी कैमरे का मॉनिटर एवं अग्निशमन यंत्रों को देखा। निरीक्षण में सभी कैमरे चालू पाए गए। उन्होंने तालों की सील, फायर सिस्टम का बारीकी से अवलोकन किया। सभी नियत तिथि और नियमानुसार पाए गये। इस अवसर पर इलेक्शन सुपरवाइजर विजय माथुर उपस्थित रहे।

# न्यादरी में प्रेम प्रसंग पर बवाल, ट्रैक्टर से घर तोड़ा, अनाज बर्बाद किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम न्यादरी में प्रेम प्रसंग के चलते जमकर बवाल हो गया। नाराज लड़की पक्ष के लोगों ने युवक के घर पर हमला कर ट्रैक्टर से कच्चा मकान ढहा दिया और पक्के मकान में तोड़फोड़ की।जानकारी के अनुसार, हमलावरों ने घर का ताला तोड़कर अंदर रखा सामान तहस-नहस कर दिया। इतना ही नहीं, गेहूं से भरी टंकी में पानी डालकर अनाज भी खराब कर दिया। घटना में करीब 5 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान है। बताया जा रहा है कि युवक और युवती के साथ भाग जाने से नाराज होकर यह हमला किया गया। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है।

## टीईटी की अनिवार्यता समाप्त करने व नियुक्ति दिनांक से सेवा गणना की मांग

# शिक्षकों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा, ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्य प्रदेश अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जिला इकाई गुना के बैनर तले बुधवार को जिलेभर के शिक्षकों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी लंबित मांगों को लेकर हुंकार भरी। शिक्षकों ने प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री के नाम एक विस्तृत ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजीव खेमरिया को सौंपा।

ज्ञापन में मुख्य रूप से शिक्षक पात्रता परीक्षा (TET) की अनिवार्यता को समाप्त करने और सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई है।

शिक्षक नेताओं ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त नॉन-टीईटी शिक्षकों को पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने हेतु जो निर्देश जारी किए गए हैं, वे पूरी तरह से नियम विरुद्ध हैं।



उन्होंने राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (NCTE) की 24 अगस्त 2010 की अधिसूचना का हवाला देते हुए कहा कि अधिसूचना की कंडिका 4 और 5 के अनुसार, 3 सितंबर 2001 के पहले और बाद में नियुक्त शिक्षकों के साथ-साथ वर्ष 2011 से 2014 के बीच गुरुजी से संविदा शिक्षक बने शिक्षकों को टीईटी से स्पष्ट छूट प्रदान की गई है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों में भी इस छूट का स्पष्ट उल्लेख है, इसके बावजूद विभाग द्वारा शिक्षकों को परीक्षा के लिए बाध्य करना उनके साथ मानसिक प्रताड़ना है। संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि 2 मार्च 2026 और 26 मार्च 2026 को जारी किए गए विभागीय आदेशों को तत्काल निरस्त किया जाए, ताकि प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षकों को इस अनावश्यक तनाव से मुक्ति मिल सके।

इसके साथ ही, शिक्षकों की एक पुरानी और ज्वलंत मांग यह भी है कि नवीन शैक्षणिक संवर्ग के शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए। शिक्षकों का कहना है कि जब तक नियुक्ति दिनांक से सेवा की गणना नहीं होती, तब तक उन्हें पेंशन, ग्रेच्युटी और अवकाश नकदीकरण जैसे वैधानिक लाभों से वंचित रहना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि पदोन्नति और क्रमोन्नति की भांति इन लाभों को भी सुनिश्चित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक संघ के पदाधिकारी और जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए शिक्षक मौजूद रहे।

WE ARE HIRING

**Job Opening**
**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**
**Location : Raipur City**

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## समाचार संक्षेप

### नगर परिषद चाचौड़ा-बीनागंज में स्वच्छता एवं सामाजिक सहयोग को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

चाचौड़ा। बुधवार को नगर परिषद चाचौड़ा -बीनागंज की अध्यक्ष सुनीता प्रदीप नाटानी , मुख्य नगरपालिका अधिकारी दिनेश सोनी एवं पार्षदों द्वारा सफाई मित्रों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में अध्यक्ष महोदया ने सभी सफाई मित्रों को नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु प्रेरित किया तथा स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया।इस अवसर पर अध्यक्ष महोदया द्वारा एक सराहनीय एवं संवेदनशील पहल की घोषणा भी की गई। उन्होंने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के किसी भी सफाई मित्र के घर में कन्या विवाह होने पर उनकी



और से व्यक्तिगत रूप से 11,000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।इसी क्रम में, सफाई मित्र मीनाबाई रामस्वरूप झाबा की पुत्री रुक्मणी का विवाह प्रस्तावित है, को अध्यक्ष महोदया द्वारा 11,000 की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई।यह पहल न केवल सफाई मित्रों के प्रति सम्मान और सहयोग का प्रतीक है, बल्कि सामाजिक सरोकारों के प्रति नगर परिषद अध्यक्ष की प्रतिबद्धता को भी दर्शाती है। इस अवसर पर नगर परिषद के वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद सुनील माली , वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद आशीष खंडेलवाल , वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद गेंदी बाई , वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद राजेश खटीक वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद प्रतिनिधि बंटी यादव , वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद प्रतिनिधि सुधांशु राजावत एवं वार्ड क्रमांक 9 के पार्षद प्रतिनिधि गुलाब जादौन उपस्थित रहे।

### आरोन में कांग्रेस की अहम बैठक संपन्न, 17 अप्रैल के विशेष कार्यक्रम व 9 अप्रैल को किसान आंदोलन को लेकर रणनीति तैयार


आरोन। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह तथा पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक राघौगढ़, जिला कांग्रेस अध्यक्ष जयवर्धन सिंह के निर्देशानुसार आरोन स्थित आश्रय स्थल पर कांग्रेस पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में दिग्विजय सिंह के निज सचिव सचिन वत्स ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों के दौरान कथित फर्जी मतदान के कारण कांग्रेस



पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा है, जिसे ध्यान में रखते हुए इस बार पोलिंग बूथ एजेंट एवं पार्टी प्रतिनिधियों के लिए विशेष प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम 17 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा जिसमें शहरी एवं ग्रामीण सभी पोलिंग एजेंट को विशेष रूप से उपस्थित रहना अनिवार्य है।गुना में होने वाले धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की जानकारी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती अहिरवार ने देते हुए बताया किसानों के समर्थन में एक विशाल धरना-प्रदर्शन 9 तारीख गुरुवार को हनुमान चौराहा पर 12:00 आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार द्वारा किसानों पर किए जा रहे कथित अत्याचारों के विरोध में यह आंदोलन विधायक जयवर्धन सिंह के नेतृत्व में किया जाएगा। बैठक में इस आंदोलन को सफल बनाने हेतु विस्तारपूर्वक रणनीति बनाई गई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।बैठक में पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह धाकड़, विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन, जनपद प्रतिनिधि रामलला यादव, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राजीव रघुवंशी, नगर अध्यक्ष शक्ति शर्मा सहित नगर परिषद पार्षद, मंडल अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी एवं शहरी ग्रामीण कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# देव दर्शन भी सर्वोत्कृष्ट और महत्वपूर्ण साधना: मुनि अविचल सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन



नगर में विराजमान आचार्य श्री विद्या सागर महाराज के शिष्य मुनि अविचल सागर महाराज ने बड़ा जैन मंदिर में उपस्थित साधर्मी जनों को सदुपदेश देते हुए कहा कि जिनका दिगम्बर शरीर कोई भी जीव देख ले तो इतनी शांति दया कोमलता प्रकट होती है। ऐसा निर्विकार निर्दोष शरीर देखने से संताप दूर होता है। जिनका कोमल हृदय था। जिन्होंने अहिंसा व्रत का पालन किया। ऐसे जिनेन्द्र भगवान से हमे कल्याणकारी जीवन के लिए प्रेरणा लेना चाहिए।

अगर देव शास्त्र गुरु के पास जाकर भी हम प्रफुल्लित नहीं हो रहे हैं तो यह सोचने बाली बात है। देव दर्शन भी सर्वोत्कृष्ट एवं महत्वपूर्ण साधना है। मुनि श्री ने अपनी बात को विस्तार देते हुए कहा कि लंबे समय से देव दर्शन कर रहे हो लेकिन आनन्द की अनुभूति नहीं हो रही है। देव दर्शन का आनंद लेना सीखिए। जितना आनंद देव दर्शन में है उतना अन्य कहीं नहीं है। हमारी बुद्धि प्रत्येक धार्मिक कार्य करने के बाद फल की प्राप्ति करना चाहते हैं और हम लगातार यही भावना कर रहे हैं कि हमें धार्मिक कार्य का जल्दी से फल मिल जाए।

तुमने अबुद्धिपूर्ण जो भी कार्य किए है मात्र मुझे देखने से दर्शन करने से मै तुम्हारे सारे कर्मों को पापों को नष्ट कर दूंगा। तुम संसार की वस्तुओं को तो बड़े ध्यान से देखते हो लेकिन कभी जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा को ध्यान से देखते हो कि नहीं। पचासों वर्ष हो गए तुम्हे नित्य प्रतिदिन जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा के दर्शन करते हुए लेकिन फ़िर भी तुमने कभी ये देखा ही नहीं कि जिनेंद्र भगवान की प्रतिमा में जो श्रीवत्स है उस श्रीवत्स में कितनी पंखुड़ियां हैं। तुम्हे कुछ भी पता नहीं है।इतने वर्षों से तुमने क्या किया है। जिनेन्द्र भगवान के दर्शन करना चक्षु इंद्रिय का विषय है। लेकिन तुम्हारी इन आंखों ने कभी ठीक से जिनेन्द्र भगवान को देखा ही नहीं है।

आंखों के द्वारा किसी को देखने से न पाप मिलता है और न पुण्य मिलता है।देखने के बाद हमारे मानस पटल पर जिन शब्दों की उत्पत्ति होती है उन शब्दों से पाप या पुण्य प्राप्त होता है।आंखों के द्वारा देखने के बाद किसी के लिए अच्छे या बुरे शब्दों की उत्पत्ति के द्वारा पाप या पुण्य प्राप्त होता है।ये तुम पर निर्भर करता है कि तुम किसी को देखने के बाद कैसे शब्दों को दिमाग में पैदा करते हो।मुनि श्री ने कहा कि जो वस्तु जितनी औकात रखती है उसे उतनी औकात से देखो। माता पिता पति पत्नि पुत्र पुत्री सोना चांदी संपत्ति आदि संसार की वस्तुओं को जितनी औकात से देखते हो उससे कई गुना औकात से जिनेन्द्र भगवान की प्रतिमा को देखो और फ़िर देखो तुम्हारे जीवन में कैसे कैसे चमत्कार घटित होते हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का दाना-पानी कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭आरोन

शासकीय स्नातक महाविद्यालय आरोन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा द्वारा पक्षियों के संरक्षण एवं संवेदनशीलता को बढ़ावा देने हेतु "पक्षियों के लिए दाना-पानी" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या महाविद्या उपाध्याय के निर्देशन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी पूजा शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में स्वयंसेवक सुमित धाकड़,विकास धाकड़, राजीव, सहित सभी स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान छात्र सुमित धाकड़ द्वारा सकोरे एवं दाना पानी की व्यवस्था की गई तथा महाविद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों पर पानी से भरे सकोरे रखे और अनाज से भरे सकोरे रखे गए। बगीचे में पेड़ों पर पानी और अनाज से भरे सकोरे बांधे गए और पक्षियों के लिए अनाज भी डाला गया, ताकि भीषण गर्मी में उन्हें भोजन और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम अधिकारी पूजा शर्मा ने इस अवसर पर सभी छात्र -छात्राओं एवं आमजन से कहा कि वे अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों में पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था अवश्य करें, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ जीवों के प्रति संवेदनशीलता भी विकसित हो सके।कार्यक्रम के माध्यम से छात्र -छात्राओं में सामाजिक जिम्मेदारी एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश प्रभावी रूप से प्रसारित हुआ।




# बारिश में चार माह का समय, नहीं तो झरका पुरा बिना सड़क के ही जीने को मजबूर होगा, सड़क का इंतजार






हरिभूमि न्यूज ⏭चांचौड़ा

चाचौड़ा ब्लॉक मुख्यालय से मात्र 13 किलो मीटर दूर ग्राम झरकापुरा में सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों को भारी होती है। लगभग 1500किमी पगडंडी हे खेतों से गुजरना पड़ता हे गांव वाले सब तैयार है। बालक बूढ़े महिला बच्चे बीमार हो जाते है तो कंधे पर रोड तक लाना पड़ता हे बारिश के मौसम में गांव का संपर्क लगभग कट जाता है। ग्रामीणों द्वारा कई बार आवेदन देने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है, जिससे लोगों में नाराजगी बनी हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व निरीक्षक पटवारी ने एसडीएम चाचौड़ारवि मालवीय को रिपोर्ट दी मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजीत कुमार श्रीवास्तव द्वारा किए गए स्थल निरीक्षण में मार्ग को अत्यावश्यक श्रेणी का पाया गया है। निरीक्षण प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि सड़क निर्माण की जरूरत

**ग्रामीणों ने जनपद पंचायत कार्यालय में आवेदन देकर सड़क निर्माण की मांग की थी**

है, लेकिन जनपद पंचायत स्तर पर किसी योजना के तहत बजट स्वीकृत नहीं होने के कारण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। प्रशासन ने प्रस्ताव रखा है कि इस मार्ग को मुख्यमंत्री ग्राम महक योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना या अन्य उपयुक्त योजना में शामिल कर स्वीकृति दी जाए। ग्रामीणों ने जल्द बजट उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है, ताकि गांव को पक्की सड़क सुविधा मिल सके। झरकापुरा गांव से मुख्य सड़क तक जाने वाला करीब 1500 से 1600 मीटर लंबा मार्ग कच्चा है, जिससे बारिश के दिनों में कीचड़ और जलभराव के कारण वाहन चलाना मुश्किल हो जाता है। मरीजों को अस्पताल ले जाने मेंकाफी परेशानी होती है, वही छात्रों को स्कूल पहुंचने के लिए लंबा पैदल सफर तय करना पड़ता है। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जनपद पंचायत कार्यालय में आवेदन देकर सड़क निर्माण की मांग की थी।

# राघौगढ़ में फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर शुद्ध पेयजल आपूर्ति के निर्देश दिए



हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

राघौगढ़ में गोपीकृष्ण सागर बांध स्थित नगर पालिका राघौगढ़-विजयपुर के फिल्टर प्लांट का मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज सिंह यादव द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्लांट की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और पेयजल आपूर्ति से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि पेयजल सप्लाई कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन को शुद्ध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पेयजल टंकियों की समय-समय पर साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही फिल्टर प्लांट पर आवश्यक मात्रा में एलम और ब्लीचिंग पाउडर का उपयोग करने एवं इनका पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने को भी कहा, ताकि जल शुद्धिकरण प्रक्रिया में कोई बाधा न आए।उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, ऐसे में सभी कर्मचारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें। इस दौरान प्लांट की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने पर भी जोर दिया गया।

### डीआर में देरी पर पेंशनरों का विरोध, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



राघौगढ़। शासकीय पेंशनर संघ द्वारा पेंशनरों को महंगाई राहत (डीआर) का लाभ समय पर न मिलने पर विरोध जताया गया। संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों के समान जुलाई 2025 से डीआर न देकर छह माह की देरी से जनवरी 2026 से लागू किया गया, जिससे पेंशनरों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है।इसी के विरोध में पेंशनर संघ ने मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश शासन के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राघौगढ़ के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पेंशनरों की समस्याओं से अवगत कराते हुए डीआर का लाभ समय पर देने और बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की गई।संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि पेंशनर वर्ग पहले से ही सीमित आय में जीवनयापन करता है, ऐसे में डीआर में देरी उनके लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बनती है। उन्होंने शासन से जल्द इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की।ज्ञापन सौंपने के दौरान आर.बी. परिहार, जे.पी. भार्गव, बलवीर सिंह गुर्जर, नरेंद्र कुमार बास्त्री, जे.पी. शिवहरे, जगदीश राजपूत, महेश वर्मा, रमेश चंद सैनी, रमेश चंद्र बास्त्री सहित संघ के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# 87 स्कूलों में हएचपीवी वैक्सीनेशन अभियान, 1000 टीके का लक्ष्य




हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

वुधवार को कलेक्टर की अध्यक्षता एवं निर्देशानुसार एपीवी वैक्सीनेशन अभियान चलाया गया। जिले के 87 शासकीय एवं निजी विद्यालयों में किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अलका द्विवेदी के निर्देशन में जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. जयकृत सिंह राजपूत द्वारा जिले के चारों विकासखंडों में विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए।

चंदेरी में 14 सत्र,अशोकनगर में 26 सत्र ईसागढ़ में 23 सत्र, मुंगावली में 24 सत्र, इन सभी स्थानों पर विद्यालयों में जाकर एचपीवी वैक्सीनेशन किया गया। अभियान के दौरान कलेक्टर ने तारा सदन स्कूल का भ्रमण कर छात्राओं को एपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है और हम सभी को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

इसके पश्चात कलेक्टर ने सीएम राइज स्कूल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने जिला टीकाकरण अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी स्थानों पर टीम भेजकर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग को भी निर्देशित किया गया कि जिस विद्यालय में एचपीवी वैक्सीन लगाई जाएगी, वहां किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्कूल शिक्षा विभाग की रहेगी।




### विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित जनों को विधिक अधिकारों की जानकारी दी गई

अशोकनगर। विधिक जागरूकता शिविर में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों द्वारा आमजन, पक्षकारों एवं लाभार्थियों को विभिन्न विधिक अधिकारों, योजनाओं एवं सेवाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों एवं कमजोर वर्गों के अधिकारों पर प्रकाश डाला गया तथा उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। शिविर में बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर विधिक साक्षरता शिविर, जागरूकता कार्यक्रम एवं लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है, जिससे आमजन को सुलभ एवं त्वरित न्याय प्राप्त हो सके। साथ ही, किशोर न्याय से संबंधित प्रावधानों, बाल संरक्षण कानूनों एवं पारिवारिक विवादों के वैकल्पिक समाधान के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थित प्रतिभागियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूक करते हुए यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी विधिक समस्या के समाधान हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते हैं एवं उपलब्ध निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

# शहर के 100 वर्ष पुराने स्कूल को सांदीपनि सीएम राइज स्कूल में स्थानांतरित किए जाने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



सिंधिया स्टेट के समय वर्ष 1925 में बना शहर का क्रमांक 1 स्कूल भवन पुरानी कला कृति से बना है इस स्कूल ने 100 वर्ष के सफर में अनेक महा पुरुषों को पढ़ाया है, अब इस स्कूल को समाप्त किया जा रहा है तथा इसे सांदीपनि सीएम राइज विद्यालय में मर्ज किए जाने का विरोध किया गया है। इस संबंध में बच्चों के अभिभावकों ने संयुक्त कलेक्टर बृजबिहारी श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में कहा गया है कि क्रमांक एक स्कूल भवन में गरीब मजदूर वर्ग के बच्चे पड़ते हैं। वह शहर से दूर अपने बच्चों को पढ़ने स्कूल भेज पाए संभव नहीं होगा, क्योंकि यह सीएम राइज स्कूल शहर से दूर बनाया गया है। इन अभिभावकों का कहना है कि वह मजदूरी के लिए घर से बाहर निकल जाते हैं, ऐसी स्थिति में उनके बच्चे कैसे पड़ने के लिए जाएगें। अभी तो यह स्कूल शहर के मध्य मे है जिससे आसानी से बच्चे पढ़ने चले जाते हैं। जिस स्कूल ने यात्रा पूरी कर ली है उस स्कूल के गौरव को बनाए रखने के स्थान पर उसके अतीत को नष्ट कर कर भुलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आज के लोग इस बात को भूल गए हैं कि तत्कालीन परिस्थितियों में जब शिक्षा के संसाधन नहीं थे तब इस स्कूल के लिए कैसे लोगों ने पसीना बहाया, कैसे जमीन मिली और केसे भवन खड़ा हुआ। उस स्कूल की यादों को सजोने के कोई प्रयास नहीं हुए शिक्षा विभाग मूक दर्शक बनकर बैठा रहा, अब इस स्कूल को समाप्त करने की तैयारी की जा रही है, ऐसी स्थिति में यह विरोध उभरकर आया है। कहीं ऐसा न हो कि इन परिवारों के बच्चे शिक्षा से ही वंचित न रह जाएं।

# पॉलिटेक्निक अशोकनगर के छात्रों का चयन कृष्णा मारुती ग्रुप में



हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शासकीय पॉलिटेकनिक महाविद्यालय अशोकनगर में इस बार भी अंतिम वर्ष में पढ़ रहे छात्रों को कई नेशनल एवं मल्टीनेशनल कंपनियों में बड़े जॉब मिले हैं। विगत दिनों आयोजित संस्था में अंतिम वर्ष में पढ़ रहे एवं पासआउट छात्रों का कैंपस आयोजित किया गया, जिसमे अशोकनगर महाविद्यालय के 27 छात्रों सहित ग्वालियर के 8, लटेरी के 14, सिरोंज के 5 एवं शिवपुरी के 10 सहित कुल 64 छात्र छात्राओं का चयन हुआ।

मल्टीनेशनल कंपनी कृष्णा मारुती लिमिटेड के दिल्ली एनसीआर प्लांट द्वारा कैंपस प्लेसमेंट के माध्यम से मैकेनिकल, सिविल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल एवं कंप्यूटर साइंस के छात्र छात्राओं को चयनित किया गया। यह प्लांट मारुती सुजुकी के संयुक्त तत्वावधान से कार एवं अन्य ऑटोमोबाइल असेसरीज का निर्माण करती है। उक्त छात्रों को आकर्षक वार्षिक पैकेज के अतिरिक्त हॉस्टल, परिवहन, भोजन, यूनिफार्म इत्यादि समस्त सुविधाएँ कम्पनी द्वारा निशुल्क दी जाएगी। प्राचार्य डॉक्टर बीके गुप्ता ने छात्रों को उनके अंतिम वर्ष में ही चयनित होकर नौकरी प्राप्त कर लेने पर छात्रों को बधाई दी साथ ही उन्हें अपने उद्बोधन में बताया कि इंजीनियरिंग के क्षेत्र में छात्र की पहली नौकरी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसमें छात्रों को पैकेज की अत्यधिक चिंता न करते हुए अपने काम पर ध्यान देना चाहिए।

# यातायात नियमों का पालन करने जागरुक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

वुधवार को पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कँवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना यातायात द्वारा सेन चैराहा, गांधी पार्क, सुभाषगंज, स्टेशन रोड, पुराना बाजार में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। यातायात जागरूकता अभियान के दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहन चालकों, ऑटो चालकों, ट्रैक्टर चालकों, व्यापारीगण, ठेला संचालकों एवं आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा उन्हें यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने एवं सुरक्षित वाहन चलाने की शपथ दिलाई गई। यातायात जागरूकता अभियान का उद्देश्य आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

# विहिप की समरसता यात्रा को लेकर बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर



विश्व हिंदू परिषद समरसता यात्रा 12, 13, 14 अप्रैल हेतु बरखेड़ी हनुमान मंदिर पर बैठक रखी गई है। जिसमें प्रांत प्रमुख अर्चक मंदिर आयाम डॉ दीपक मिश्रा ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद हिंदू के मान बिंदु की रक्षा के लिए काम करता है उसी के तहत यह समरसता यात्रा निकाली जा रही है। जिस हेतु सभी समाजों के संत आमंत्रित हैं।

सभी समाज प्रमुख एवं संतो के आशीर्वाद हैं इस मौके पर यात्रा प्रमुख संतोष शर्मा ने कहा की सभी महानुभाव समरसता यात्रा में भाग लेकर हिंदू शक्ति का मान बढ़ाएं जिला समरसता प्रमुख विकास जैन बल्ली ने सभी को हिंदू समाज को जागृत करना है सभी लोग आ गए हैं जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी ने कहा कि हम हिंदुओं को एक करने का संकल्प लेकर निकले हैं हिंदू समाज के सभी संतों का सम्मान करते हुए हिंदू समाज के दुरा भाव को दूर करना होगा सभी समाज जन यात्रा मे भाग लेगे और स्वागत करेंगे इस मौके पर संत संतोष दास पुजारी दीपक शर्मा सीताराम हरिराम जीतू पटेल राजकुमार फूल सिंह मुकेश सिंघाड़ा, महेंद्र पटेल उग्रसेन रघुवंशी आदि शामिल रहे।

### शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में मूट कोर्ट का आयोजन

अशोकनगर। शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में बुधवार को महाविद्यालय के मूट कोर्ट का उद्घघाटन चन्द्रशेखर साहू अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ के द्वारा किया गया। जिसके उपरान्त विधि महाविद्यालय के षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा दंड प्रक्रिया की धारा 125 भरण पोषण से संबंधित वाद पर प्रस्तुति दी। जिसमें चन्द्रशेखर साहू अध्यक्ष जिला अभिभाषक संघ ,रामनिवास शर्मा सचिव ,मुक्ति परमार एडवोकेट न्यायाधीश की भूमिका रूप में उपस्थित हुये। मंच संचालन डॉ. खिज्र अहमद खान के द्वारा किया गया।

# ग्रीष्म काल की बीमारियों से बचाव की एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

गर्मी से मानव स्वास्थ्य पर होन वाले दुष्प्रभाव, बचाव एंव उपचार के संबंध में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाईजरी जारी की गई है।

**लू के लक्षण** सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना। तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना। चक्कर और उल्टी आना।कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना। शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना। अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना।भूख कम लगना। बेहोश होना।

**लू से बचाव के उपाय** लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज, मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिए बातों का ध्यान रखना चाहिये।बहुत अनिवार्य ना हो तो घर से बाहर ना जावें। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपडें से अच्छी तरह बांध ले पानी अधिक मात्रा में पियें। अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपडे पहनने चाहिए ताकि हवा और कपडे पसीने को सोखते रहें।अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस.घोल पियें।चक्कर आने मितली आने पर छाया दार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मट्ठा आदि का सेवन करें। दोपहर में 12 से 4 बजे के बीच घर से बाहर न जाएं।

**लू लगने पर किए जाने वाले प्रारंभिक उपचार** बुखार पीडित व्यक्ति के सर पर ठंडे पानी की पट्टी लगावें अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। पीडित व्यक्ति को पंखे के नीचें हवा में लेटायें देवें। शरीर पर ठण्डे पानी का छिडकाव करते रहें। पीडित व्यक्ति हो शीघ्र ही किसी नजदीकी चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जावें। आशा. ए.एन.एम. से ओआरएस की पैकेट हेतु संपर्क करें।

## खबर संक्षेप

### युवक से मारपीट, दो पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत शिवपुरी जिले के विसनपुरा निवासी अजय लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि जिले के पाटई थाना देहात निवासी अंकेश और इन्दरसिंह यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### अज्ञात बदमाश बाइक चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ललितपुर उत्तरप्रदेश के ग्राम सेमरा भागनगर से आए मदनसिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि करीला माता मंदिर से कोई अज्ञात चोर उसकी बाईक चोरी कर ले गया। जिसका नम्बर यूपी 98 एई 1467 है, पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज किया है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत ग्राम करैया बुद्धु निवासी संतोष पुत्र सुंदरलाल धाकड़ उम्र 40 साल ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया था, जिसके बाद उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### 20 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के ग्राम अमाही निवासी 20 वर्षीय युवती कीर्ति रजक ने अज्ञात कारणों के चलते उस समय अपने ही घर में फांसी लगा ली जब उसके घर पर कोई नहीं था। परिवार जन करीला धाम माता के दर्शन करने गए थे, घर पर परिवार जन छोटी बहन को छोड़ गए थे। तभी कीर्ति रजक ने अपने आपको कमरे में बंद करके फांसी लगा ली, जब छोटी बहन ने उसे तलाशा तब वह नहीं मिली और कमरे का दरवाजा बंद था, जब परिवार के लोग घर पहुंचे और दरवाजा खोला तब वह फांसी के फंदे पर लटकी हुई थी, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### शोकनगर में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में बुधवार को शासकीय विधि महाविद्यालय अशोकनगर में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय से संबंधित विभिन्न कार्यसूची पर चर्चा उपरान्त प्रस्ताव पारित किये गये। महाविद्यालय में मूलभूत सुविधाओं से संबंधित विचार विर्मश उपरान्त प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त की गई व सर्वसम्मति विभिन्न प्रस्ताव मान्य किये गये। बैठक में महाविद्यालय की प्राचार्य गरिमा राठौर पदेन (सचिव), डॉ. अनिल सिंह तोमर जनभागीदारी प्रभारी एवं समस्त वित्त व प्रबंध समिति के सदस्य उपस्थित हुये।

### गायों को बचाने में बस हाई टेंशन तार से टकराई

**अशोकनगर।** खनियांधाना से कदवाया होते हुए अशोकनगर आ रही बस के सामने अचानक गायों का झुंड सामने आ गया, तभी ड्राइवर ने स्टेयरिंग एकदम से घुमाई जिससे गाड़ी बिजली के खंभे से टकरा गई। इस दौरान सारे हाइपर टेंशन तार गाड़ी से लिपट गए गोलू चैहान ड्राइवर ने पैसेंजर्स को गाड़ी से उतारा। बस के ऊपर कंडक्टर विपिन यादव (माधव) कंडक्टर श्री कृष्णा बस पर चढ़ गया। उन तारों को निकालने लगा। गाड़ी में समाज सेविका रिंकल सेठ भी मौजूद थी उन्होंने तुरंत एसडीएम ईसागढ़, एसपी, कलेक्टर सभी को कॉल किया मगर किसी ने रात अधिक हो जाने के कारण फोन नहीं उठाया। तब उन्होंने एसडीएम अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी को कॉल किया। उन्होंने तुरंत कॉल अटेंड किया। उन्होंने तत्कान विधुत विभाग को सूचित किया और लाईट बंद करवाई। 10 मिनट की मशक्कत के बाद तार निकाले, ड्राइवर ने जल्दी से यात्रियों को बिठाया जिसके बाद कदवाया पुलिस को तार पड़े होने की सूचना दी गई, ताकि कोई घटना न हो सके।

### मक्का के दाम कम होने से आय में 1.5 प्रतिशत की ही हुई वृद्धि

# अशोकनगर मंडी में आवक का आंकड़ा इस साल 13.99 प्रतिशत ही रहा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

कृषि उपज गल्ला मण्डी अशोकनगर में लगातार फसल की आवक पिछले वर्षो की तुलना में बढ़ती जा रही है। आवक बढ़ने के साथ आय में भी वृद्धि उस स्तर पर इस वर्ष नहीं हो पाई है क्योंकि मण्डी में मक्का के दाम गत वर्ष की तुलना में कम थे। आवक का आंकड़ा पूरे वित्तीय वर्ष में 13.99 प्रतिशत अधिक रहा। जबकि आय गतवर्ष की तुलना में 1.5 प्रतिशत वृद्धि पर ही आकर ठहर गई।

कृषि उपज मंडी के सचिव भागीरथ अरिहवार ने बताया कि वर्ष 2025-26 में 1 अप्रेल से 31 मार्च 2026 तक कुल आवक 6 लाख 04 हजार 645 मेट्रिक टन की आवक हुई है। वर्ष 2024-25 में 31 मार्च 2025 तक कुल आवक 53 लाख 391 मेट्रिक टन माल की आवक हुई थी। गत वर्ष की तुलना में मार्च माह तक 13.99 प्रतिशत वृद्धि हुई है। मण्डी में गत वर्ष की तुलना में आवक तो बढ़ी है लेकिन मक्का के दाम जरूर कम रहे हैं जो मण्डी में आने वाली बड़ी फसलों में से एक है। यदि सरकारी केन्द्रों पर माल की खरीदी न हो और वही माल मण्डी में बिकने के लिए आए तो मण्डी की आवक का आंकड़ा और भी कई गुना हो सकता है।




### गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष आय 1.05 प्रतिशत अधिक हुई

मंडी में आय की बात करें तो मण्डी की आय भी लगातार बढ़ रही है, लेकिन यह आय इस बात पर निर्भर है कि अगर मण्डी में आने वाले अनाज के दाम अधिक होगें तो मंडी को टेक्स के रूप में मिलने वाली राशि से आय में वृद्धि होगी। लेकिन इस बार मण्डी को आय के आंकड़े में जो आशाएं थीं वह पूरी नहीं हुई हैं। मक्का के दामों में गिरावट से मण्डी की आय प्रभावित हुई है। मक्का के दाम तो सभी जगह कम रहे हैं। भले ही शासन ने मण्डी टेक्स में कमी कर दी है उसके बाबूजूद भी मण्डी की आय कम होने की जगह बढ़ रही है। क्योंकि मण्डी में आने वाले किसान अपने माल को लाने और बेचने की प्रक्रिया से संतुष्ट होते हैं। जिसका असर सीधा मण्डी की आवक और आय पर पड़ता है। अगर आय के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2025-26 में 21 करोड़ 94 लाख 76 हजार 398 रूपए की आय हुई है, जो 2024-25 की तुलना में 1.5 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2024-25 में मार्च तक मण्डी को 21 करोड़ 72 लाख 87 हजार 974 रूपए की आय हुई थी। गतवर्ष की तुलना में इस वर्ष तक 21 लाख 88 हजार 424 रूपए की अधिक आय हुई है।

### बड़ी फसलों में गेहूं और मक्का की अधिक हुई आवक

अशोकनगर मंडी की बड़ी फसलों में गेहूं,चना, मक्का, मसूर, सरसों, सोयाबीन, धान, धनिया, तिवड़ा जैसी फसले हैं। गेहूं की आवक मार्च 2026 तक 2 लाख 43 हजार 274 मेट्रिक टन रही है। चना की आवक 25 हजार 520 मेट्रिक टन हुई है। तिवड़ा की आवक 6236 मेट्रिक टन हुई है, धनिया की आवक 12328 मेट्रिक टन हुई है, धान की आवक 64540 मेट्रिक टन रही है। मक्का की आवक 1 लाख 50 हजार 970 मेट्रिक टन हुई है। मसूर की आवक 6245 मेट्रिक टन हुई है, सरसों की आवक 29373 मेट्रिक टन रही है, वहीं सोयाबीन की आवक 55748 मेट्रिक टन रही है। इस तरह मण्डी में सबसे बड़ी फसलों में गेहूं के बाद मक्का है। वर्ष 2025-26 में मार्च तक 6 लाख 4 हजार 645 मेट्रिक टन माल की आवक हो रही है, जबकि गत वर्ष 2024-25 में कुल आवक 5 लाख 30 हजार 391 मेट्रिक टन हुई थी, 2024-25 में आवक भी कम हुई थी और आय भी कम हुई थी। इस वर्ष 2025-26 में गेहूं भी अधिक आया और मक्का भी अधिक आई।

### इनका कहना है

अशोकनगर गल्ला मंडी में आवक गतवर्ष से 13.99 प्रतिशत अधिक रही है लेकिन मक्का के दाम कम होने से मंडी की आय प्रभावित हुई है उसके बाद भी मंडी की आय गत वर्ष से 1.5 प्रतिशत अधिक रही है।
**भागीरथ अहिरवार,** मण्डी सचिव, कृषि उपज मण्डी अशोकनगर।

### धूप में खड़ी होने को मजबूर गर्भवती महिलाएं

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बुनियादी सुविधाओं का दिखा अभाव




**अशोकनगर।** सरकार द्वारा मातृ स्वास्थ्य और सुरक्षित प्रसव के लिए बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से कोसों दूर नजर आती है। बहादुरपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से आई एक तस्वीर स्वास्थ्य विभाग की अव्यवस्थाओं की पोल खोल रही है। भीषण गर्मी और भारी परेशानी

अस्पताल परिसर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उपचार के लिए दूर-दराज के गांवों से आने वाली गर्भवती महिलाओं को पंजीयन और पर्चा बनवाने के लिए घंटों कड़ी धूप में खड़ा होना पड़ रहा है। अस्पताल भवन के बाहर प्रतीक्षा करने के लिए न तो पर्याप्त छाया की व्यवस्था है और न ही बैठने के लिए उचित इंतजाम।

### अव्यवस्थाओं का आलम

तस्वीरों में साफ देखा जा सकता है कि महिलाएं धूप से बचने का प्रयास करते हुए लंबी कतारों में खड़ी हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पर्चा काउंटर पर भीड़ प्रबंधन का कोई सिस्टम नहीं है। गर्भवती महिलाओं के लिए कोई अलग या प्राथमिकता वाली लाइन नहीं बनाई गई है। पीने के पानी और बैठने के लिए बेंचों की कमी है। गर्मी में गर्भवती महिलाओं को इस तरह धूप में खड़ा रखना उनके स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। अब सवाल यह उठता है कि क्या जिला स्वास्थ्य प्रशासन इस ओर ध्यान देगा? क्या इन महिलाओं के लिए अस्पताल परिसर में शेड या प्रतीक्षा कक्ष की व्यवस्था की जाएगी।

### ट्रक और बाइक की भीषण भिड़ंत, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**अशोकनगर।** चंदेरी नगर के म्यूजियम लाल बावड़ी के पास कल बुधवार सुबह लगभग 10 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ एक तेज रफ्तार ट्रक और बाइक के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवक कृष (उम्र लगभग 25 वर्ष) और शाहनवाज (उम्र लगभग 26 वर्ष) सुबह मुंगावली से चंदेरी की ओर आ रहे थे, तभी म्यूजियम के पास उनकी बाइक ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।





## कैथन नदी संरक्षण के लिए बड़ी योजना बनाएगी जन अभियान परिषद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

बहादुरपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मंगलवार को कस्बे में जल संरक्षण की एक बड़ी अलख जगाई गई। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कैथन नदी के गणेश घाट पर समाजसेवियों, छात्रों और जन प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर नदी की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।

कार्यक्रम में संस्था प्रतिनिधि कुमारी अंजली जैन, अजय श्रीवास्तव निर्भया सोशल वेलफेयर, अवधेश चैबे, शेरसिंह यादव, रामबाबू यादव, कृष्णकांत तिवारी, प्रवीण चैबे, डॉ. जोधन सिंह, रघुवीर सिंह कुषवाह, मुकेश कटारिया, लाखन सिंह, डॉ. नारायण प्रजापति, मुकेष प्रजापति, गिर्राज त्रिवेदी, तुलसी त्रिवेदी, रामलखन प्रजापति, कपिल, रिया जैन, महक जैन, रोहित श्रीवास्तव, मोनिका प्रजापति सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। इस दौरान मुकेष प्रजापति ने बताया कि कैथन नदी की स्थिति दयनीय है। इसे संरक्षण की दरकार है। इस नदी के संरक्षण के लिए जन अभियान परिषद बड़ा खाका तैयार कर रही है। जिसमें अधिक से अधिक जनसहभागिता से नदी को सहेजा संवारा जाएगा।

### श्रमदान और निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ

यह अभियान 19 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक निरंतर चलेगा। बहादुरपुर सेक्टर में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में बहादुरपुर सेक्टर की पांचों प्रस्फुटन समितियों, पांचों नवांकुर संस्थाओं और छात्र-छात्राओं ने नदी के तट पर दो घंटे तक सघन श्रमदान किया। इसी के साथ श्री गणेश घाट पर राहगीरों के लिए निशुल्क प्याऊ का भी शुभारंभ किया गया।

## दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद ने विदाई समारोह आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा अरिहंत महिला परिषद सभी की पूर्व अध्यक्ष टीना खैरा, पूर्व सचिव निष्ठा जैन, पूर्व कोषाध्यक्ष निधि जैन ने सभी सदस्यों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन पल्लवी जैन बंधु तथा रुचि बंसल ने किया।

सर्वप्रथम प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी, प्रांतीय चेयरपर्सन, केंद्रीय संरक्षिका,पूर्व अध्यक्ष,पूर्व सचिव और पूर्व कोषाध्यक्ष तथा परिषद के सभी सदस्यों का विदाई समारोह में अभिवादन तथा स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलाचरण अर्थात हर कार्य मंगलमय हो इस भावना के साथ अंजलि जैन और स्वाति जैन ने मंगलाचरण की प्रस्तुति की। तदुपरांत परिषद की बहनों ने मोना जैन, रुचि बंसल, श्वेता जैन, शिखा जैन, शिल्पी जैन, सुमन जैन ने शिक्षाप्रद जंक फूड अर्थात फास्ट फूड हमारे शरीर के लिए हानिकारक है कैसे यह जंक फूड हमारे शरीर को अंदर से खोखला बना देता है इस प्रसंग पर नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन किया।

इसके उपरांत प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी ममता जैन, प्रांतीय चेयरपर्सन रश्मि जैन ,प्रांतीय चेयरपर्सन प्रमिला जैन ,प्रांतीय चेयरपर्सन प्रियंका जैन, केंद्रीय संरक्षिका वर्षा बड़कुल सभी सदस्यों ने अपना उद्बोधन दिया और आगे मिलजुल कर कार्य करने की प्रेरणा प्रदान की। इसके पश्चात पूर्व अध्यक्ष टीना खैरा, पूर्व सचिव निष्ठा जैन और पूर्व कोषाध्यक्ष निधि जैन के स्थान पर वर्तमान अध्यक्ष सोनम अजमेरा, सचिव पल्लवी जैन बंधु, कोषाध्यक्ष टोनिका जैन को निर्वाचित किया। पूर्व अध्यक्ष टीना खैरा द्वारा 2 वर्ष के कार्यकाल का पूर्ण ब्यौरा सभी के सामने प्रस्तुत किया गया। और इसके बाद का दायित्व सोनम अजमेरा को सौंपा गया।




### नवीन कृषि उपज मंडी मार्ग हुआ सुगम

## अशोकनगर मंडी से निकलने वाले यातायात को लेकर पुलिस ने डायवर्जन प्लान लागू किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

शहर में कृषक एवं आमजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में नवीन कृषि उपज मंडी, मोहरी रोड अशोकनगर पर फसलों की अत्यधिक आवक के कारण उत्पन्न यातायात दबाव व जाम की संभावना को नियंत्रित करने हेतु एक सुव्यवस्थित यातायात डायवर्जन प्लान लागू किया गया है। ज्ञात हो कि यह यातायात अशोकनगर शहर के मार्गों से निकलता है जिससे बाहरी यातायात के साथ शहर का यातायात भी प्रभावित होता है, जिसे देखते हुए यह प्लान बनाया गया है।

मंडी क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्रालियों एवं भारी वाहनों का लगातार आवागमन हो रहा है, जिससे शहर में जाम एवं यातायात अव्यवस्था की स्थिति निर्मित होने से रोकने के लिए, पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा एसडीओपी अशोकनगर, थाना प्रभारी कोतवाली, थाना प्रभारी देहात एवं यातायात प्रभारी को विशेष योजना बनाकर प्रभावी यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। निर्देश के




पालन में थाना यातायात, कोतवाली एवं देहात द्वारा शहर के प्रमुख चैराहों एवं डायवर्जन पॉइंट्स पर समुचित बैरिकेडिंग कर निम्नानुसार डायवर्जन प्लान लागू किया गया है।

डायवर्जन व्यवस्था इस प्रकार है

सेन तिराहाः- नया बस स्टैंड की ओर से आने वाले वाहनों को सेन तिराहा से डायवर्ट कर बायपास रोड त्रिदेव मंदिर होते हुए लक्ष्मी टॉकीज के सामने से नवीन मंडी की ओर भेजा जा रहा है। इसी मार्ग से मंडी से लौटने वाले वाहन अपने गंतव्य तक पहुँच सकेंगे।

मोहरी पेट्रोल पंप तिराहाः- कचनार एवं नवीन मंडी से आने वाले भारी वाहन एवं ट्रैक्टर-ट्रालियों को मोहरी पेट्रोल पंप तिराहे से लक्ष्मी टॉकीज, त्रिदेव मंदिर होते हुए सेन तिराहे की ओर डायवर्ट किया जा रहा है।

लक्ष्मी टॉकीज के सामनेः-त्रिदेव मंदिर-विदिशा रोड से आने वाले वाहनों को लक्ष्मी टॉकीज के सामने बायपास मार्ग से नवीन कृषि उपज मंडी की ओर डायवर्ट किया गया है, जिससे ट्रैक्टर-ट्रालियों का सुचारू आवागमन सुनिश्चित हो सके।

विदिशा एवं कचनार तिराहे की ओर जाने वाले ट्रैक्टर एवं भारी वाहनों को सेन तिराहा, बायपास रोड, लक्ष्मी टॉकीज एवं मोहरी पेट्रोल पंप पर यातायात बल एवं बैरिकेडिंग के माध्यम से डायवर्ट कर यातायात दबाव कम किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु दो मोबाइल पुलिस पार्टियाँ लगातार भ्रमणशील रखी गई हैं, जो किसी भी जाम अथवा अव्यवस्था की स्थिति में तत्काल कार्यवाही कर समस्या का निराकरण सुनिश्चित करेंगी।

### दूर-दराज से आने वाले ग्रामीण और बुजुर्ग परेशान

## बैंक ऑफ इंडिया की बदहाली, बुजुर्गों को भारी पड़ रही एक मंजिल की चढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

नगर के कटरा बाजार स्थित इंडियन गैस एजेंसी के ऊपर संचालित बैंक ऑफ इंडिया की चन्देरी शाखा इन दिनों उपभोक्ताओं के लिए सुविधा के बजाय दुविधा का केंद्र बनी हुई है। बैंक प्रबंधन की लापरवाही और तकनीकी संसाधनों की कमी का खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीणों और बुजुर्गों को भुगतना पड़ रहा है।




### प्रमुख समस्याएं जो आमजन को कर रही हैं परेशान

1 सीढ़ियों का सफर, बुजुर्गों पर भारी बैंक पहली मंजिल पर स्थित है। ऐसे में दूर-दराज के गांवों से आने वाले वृद्ध महिला-पुरुषों को ऊँची सीढ़ियां चढ़कर ऊपर जाना पड़ता है, लेकिन वहां पहुंचने के बाद भी उनका काम समय पर नहीं हो पा रहा है।

2 बैंक में एंट्री और पासबुक प्रिंटिंग के लिए लोग घंटों लाइन में खड़े रहते हैं। जिम्मेदारों का कहना है कि शाखा में मात्र एक ही प्रिंटर है, जो लंबे समय से खराब पड़ा है।

3 जब इस संबंध में शाखा प्रबंधक से बात की गई, तो उन्होंने पल्ला झाड़ते हुए कहा कि प्रिंटर खराब है और जब तक बाहर से इंजीनियर नहीं आएगा, इसे ठीक नहीं किया जा सकता। हालांकि, बैंक का दावा है कि उन्होंने मेल कर दिया है, लेकिन समाधान कब होगा, इसका कोई निश्चित समय नहीं है।

### ग्रामीणों में बढ़ता आक्रोश

आस-पास के गांवों से आने वाले ग्रामीणों का कहना है कि वे अपना किराया फूँककर और पूरा दिन खराब कर बैंक आते हैं, लेकिन यहाँ उन्हें केवल आश्वासन मिलता है।एक मंजिल ऊपर-नीचे के चक्कर काटने में ही उनकी सांसें फूल जाती हैं, ऊपर से काम न होने पर उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ता है।

### टीईटी के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

## अध्यापक, शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा, मध्यप्रदेश के आह्वान पर अशोकनगर जिला मुख्यालय पर हजारों की संख्या में शिक्षकों ने एकजुट होकर जिलाधीश को टीईटी एवं अपनी लंबित एवं न्यायोचित मांगों के ज्ञापन सौंपा। यह आंदोलन प्रदेशभर में शिक्षकों के बढ़ते असंतोष और न्याय की अपेक्षा का प्रतीक बनकर उभरा।






ज्ञापन में प्रमुख रूप से यह मुद्दा उठाया गया कि सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के बावजूद प्रदेश के नॉन-टीईटी शिक्षकों पर टीईटी उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता थोपना न्याय संगत नहीं है। एनसीटीईकी 10 अगस्त 2010 की अधिसूचना में स्पष्ट प्रावधान है कि पूर्व में नियुक्त शिक्षकों एवं विशेष परिस्थितियों में कार्यरत शिक्षकों को टीईटी से छूट प्रदान की गई है। प्रयागराज उच्च न्यायालय ने भी यही व्याख्या की है कि पूर्व से कार्यरत शिक्षकों को इसके दायरे में नहीं लिया जा सकता। इसके बावजूद विभागीय स्तर पर जारी आदेशों के माध्यम से शिक्षकों को टीईटी उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किया जाना न्यायालयीन भावना एवं विधिक प्रावधानों के विपरीत है। यह स्थिति न केवल शिक्षकों के अधिकारों का हनन है, बल्कि उन्हें अनावश्यक मानसिक तनाव में भी डाल रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि न्याय सिद्धांत के अनुसार कोई भी नियम पूर्व प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता। अतः वर्षों पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर वर्तमान नियम लागू करना न केवल अन्यायपूर्ण है बल्कि संवैधानिक भावना के भी विपरीत है। भोपाल में प्रस्तावित आगामी 18 अप्रेल को होने वाले प्रादेशिक आंदोलन सारे प्रदेश के शिक्षक उग्र स्वर में अपनी बात सरकार के समक्ष रखेंगे। इस मौके पर कार्यकारी जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह रघुवंशी, जिलाध्यक्ष रामगोपाल शिवहरे, शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिव कुमार शमार, आजाद अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष भीम सिंह यादव, राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष संतोष शर्मा, राजाराम सेन, प्रकाश राय, तिलक दांगी मनोज चैरसिया आदि शामिल रहे।

### खास बातें

- टीईटी की अनिवार्यता को तत्काल समाप्त किया जाए।
- इस सरकार संवेदनशील ढंग से उच्चतम न्यायालय में रिव्यू पिटिशन फाईल करे तथा केन्द्र सरकार से अध्यादेश लाकर इस विसंगति को दूर करे।
- सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए, जिससे शिक्षकों को पेंशन, ग्रेच्युटी व अन्य लाभ मिल सके।
- शिक्षकों के साथ हो रहे भेदभाव को समाप्त किया जाए।

पुलिस की गहन विवेचना में हुआ खुलासा, प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडिशनल एसपी बताई जानकारी

# आठ नहीं बल्कि जीरापुर के रामगढ़ में बने थे 250 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़/जीरापुर

विगत दिनों जिले के जीरापुर विकासखंड के तहत आ रहे है रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सामने आए 8 फर्जी जन्म-प्रमाण पत्र के मामले में पुलिस की विस्तृत जांच में नया खुलासा हुआ है। यह पूरा गड़बड़झाला सिर्फ आठ फर्जी जन्म प्रमाण पत्र तक ही सीमित नहीं था बल्कि आरोपियों ने अपने अलग-अलग उद्देश्यों को पूरी करने के लिए एक ही महीने में 137 जन्म प्रमाण पत्र जनरेट किए जो न केवल राजगढ़ बल्कि तेलंगाना सहित भारत के अन्य राज्यों के बच्चों के भी बनाए गए।

इस मामले में आरोपी बनाए गए हैं जिन पर 6 लोगों पर 420 सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी तत्कालीन कंप्यूटर ऑपरेटर था जिसे विभाग पहले ही बर्खास्त कर चुका है।

जिला राजगढ़ में फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना माचलपुर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।




### अन्य राज्यों के नाम से भी तैयार हुए बर्थ सर्टिफिकेट

पुलिस जांच में सामने आया के कई प्रमाण पत्र अन्य राज्यों (राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश) के व्यक्तियों के बनाए गए। कई प्रमाण पत्र 1950 से 1980 के मध्य के पाए गए, जबकि उस समय उक्त केन्द्र में डिलीवरी ही नहीं होती थी। उफर पोर्टल पर फर्जी दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किए गए साथ ही एमओ को इस संबंध में कोई जानकारी ही नहीं थी क्योंकि एमओ ने अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और आधिकारिक आईडी ऑपरेटर अर्जुन को देखी थी। शासकीय ईमेल आईडी का उपयोग भी इस पूरे फर्जीवाड़े में किया गया।


स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, पूरी जांच के लिए साइबर पुलिस को सौंपा केस
रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बन गए 8 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र
मामले में इस्तीफा दे चुके पूर्व ऑपरेटर की भूमिका ज्यादा संदिग्ध
सिविल अस्पताल
संस्था प्रभारी के पास आई ओटीपी से मालूम हुआ खेल
शक की सुई पूर्व ऑपरेटर पर
इन नामों से जारी हुए फर्जी प्रमाण पत्र
इनका कहना है

### मुख्य आरोपी ने उगला यह सच

अपने तरीके से की गई पूछताछ में मुख्य आरोपी अर्जुन ने कबूल किया कि आधार कार्ड में नाम/जन्मतिथि संशोधन कराने के लिए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाते थे। लोकसेवा केन्द्र, आधार सेंटर एवं एमपी ऑनलाइन संचालकों के माध्यम से ग्राहकों को जोड़ा जाता था और संबंधित व्यक्तियों की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जाती थी। बिना किसी वैध दस्तावेज के पोर्टल पर एंट्री कर प्रमाण पत्र जारी किए जाते थे। आरोपी प्रति प्रमाण पत्र 500 से 1000 रुपये तक लेते थी जो सबमें बटते थे। आरोपियों ने करीब 250 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने की बात स्वीकार की।

### यह हैं 6 आरोपी

गड़बड़झाले को अंजाम देने वाले आरोपियों में अर्जुन पिता रमेशचंद्र बैरागी, निवासी ग्राम लखौनी थाना माचलपुर, देवीलाल पिता गंगाराम गुर्जर निवासी कचनारिया, गिरिराज पिता हरि सिंह मीणा निवासी ढुपाड़िया थाना जीरापुर, पवन पिता प्रेम सिंह राठौड़ निवासी धत्रवाड़ा थाना जीरापुर, जसवंत गुर्जर एवं भगवान सिंह गुर्जर निवासी फिरोजपुर थाना माचलपुर एवं सोनू पिता देवीलाल शर्मा निवासी राजपुरा थाना माचलपुर शामिल है।

**यह था पूरा मामला**

डॉ. सुनील चौरसिया, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीरापुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर थाना माचलपुर में अपराध क्रमांक 92/26 पंजीबद्ध कर धारा 318(4), 338, 336(3) बीएनएस के तहत दिनांक 06/04/2026 को प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। बीएमओ ने अपने प्रतिवेदन में जिक्र किया की अर्जुन बैरागी जो रामगढ़ अस्पताल में ही डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। माह फरवरी 2026 में पीएचसी में रामगढ़ में एक भी डिलीवरी नहीं हुई, इसके बावजूद अर्जुन ने 137 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए। संबंधित जन्म प्रमाण पत्रों के लिए कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। कई प्रमाण पत्र 01/04/2007 के पूर्व के बनाए गए जो कि शासकीय अस्पताल द्वारा जारी करना नियम विरुद्ध है

# 6 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म, आरोपी को 10 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

सीलखेड़ा गांव में एक 6 साल की बच्ची के साथ निंदनीय एवं घिनौनी हरकत करने वाले आरोपी को ब्यावरा कोर्ट ने 10 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। आरोपी पर जुर्माना भी अधिरोपित किया गया है।

### क्या था पूरा मामला?

घटना 23 फरवरी 2025 की है जब करीब 6 साल की एक बच्ची अपने पड़ोस में ही खेल रही थी इसी दौरान बजे सिंह पिता मदनलाल निवासी सील खेडा थाना मलावर बालिका को कुछ पैसों का लालच देकर अपने घर के कमरे में ले गया। यहां बजे सिंह ने बालिका के साथ कुछ घिनौनी हरकतें की। इसी समय आरोपी की पत्नी भी कमरे में अचानक आ गई कुछ देर बाद बालिका को वहां से भगा दिया गया। बालिका आरोपी बजे सिंह को बस बाबा बड़े पापा का कर पुकारती थी और इसी का फायदा उठाकर उसने निकृष्टतम घटना को अंजाम दिया।

बच्ची ने घर पहुंच कर पूरी बात अपनी मां को बताई। बाद में परिजनों द्वारा मलावर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। इसी मामले की सुनवाई के दौरान ब्यावर प्रथम न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम ने तमाम सबूतो एवं गवाहों की बिना पर आरोपीय बजे सिंह को 10 साल की सजा सुनाई है। मामले में शासन की तरफ से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती डॉली गुप्ता ब्यावरा द्वारा पेरहवी की गई।



### नाबालिग बालिका भोपाल बस स्टैंड पर सकुशल मिली, आरोपित गिरफ्तार

कुरावर। पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत कुरावर पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है, जिसमें अपहृत नाबालिग बालिका को मात्र 24 घंटे के भीतर भोपाल बस स्टैंड से सुरक्षित बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 06/04/2026 को फरियादी द्वारा थाना कुरावर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग बालिका बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उक्त रिपोर्ट पर थाना कुरावर में अपराध क्रमांक 103/2026, धारा 137(2) इठर के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामला नाबालिग बालिका से संबंधित होने के कारण पुलिस द्वारा तत्काल गंभीरता से संज्ञान लेते हुए टीम गठित कर विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाश प्रारंभ की गई। तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण एवं सतत प्रयासों के फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा भोपाल बस स्टैंड से बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। इस दौरान आरोपी शुभम वंशकार पिता पप्पूलाल वंशकार उम्र 20 वर्ष निवासी सूरजपोल, नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। बालिका के कथनों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।इस सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई, उनि अरविंद सिंह राजपूत, उनि मेहरबान सिंह मेचन, प्रआर प्रमोद, आर नवल, आर संदीप, मआर रानी, मआर मनीषा, साइबर सेल पवन मीणा प्रमुख थे।

समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# उपार्जन में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं, डबल पंजीयन निरस्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह, उप संचालक कृषि सचिन जैन सहित एसएलआर, नान एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपार्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएमओ राजगढ़ बाबन शर्मा के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु कमिश्नर को पत्राचार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जिन समितियों में पंजीयन की संख्या अधिक है, वहां विशेष जांच की जाए। डबल पंजीयन पाए जाने पर तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही पटवारी एवं समिति ऑपरेटर को समन्वय के साथ अन्य नामों से किए गए पंजीयन का सत्यापन करने को कहा गया। बैठक में सभी एसडीएम से उपखंडवार रकबे की जानकारी ली गई। गलत रकबे पर पंजीयन कराने वाली समितियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# टीईटी विरोध में शिक्षकों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

सालों से शिक्षा विभाग में कार्य कर रहे शिक्षकों, अध्यापकों के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता को लेकर जिले का पूरा शिक्षक समुदाय एकजुट खड़ा हो गया है।

बुधवार को राजगढ़ मुख्यालय पर अलग-अलग शिक्षक संगठनों के सैकड़ो शिक्षकों ने एकत्रित होकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर अपनी मंशा से अवगत कराया। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा सदस्य सुरेश दांगी, भगवान सिंह राणावत, चंदर सिंह तोमर, हेमराज शर्मा, रमेश चंद्र मालवीय, बलवंत सोधिया, जगदीश भलवाला, राजेंद्र सिंह खिंची के नेतृत्व में जिले के हजारों शिक्षकों ने बुधवार दोपहर शिक्षक पात्रता परीक्षा की बाध्यता समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता हेतु जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन आक्रोश रैली निकालते हुए प्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम निधि भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा।

बायपास मार्ग जांच में उलझा, नगर परिषद नोटिस देकर निभा रही औपचारिकता

# बायपास बन गया भ्रष्टाचार का रास्ता? जांच के घेरे में 1.72 करोड़ का प्रोजेक्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर परिषद द्वारा करीब 1 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से बनाया गया बायपास मार्ग शुरू होते ही विवादों में घिर गया है। निर्माण में अनियमितताओं और घटिया गुणवत्ता के आरोपों के चलते यह मार्ग अब जांच के घेरे में है। बावजूद इसके जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ठेकेदारों की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है, जबकि नगर परिषद केवल नोटिस जारी कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ती नजर आ रही है।

### दो एजेंसियों को मिला था निर्माण कार्य

जानकारी के अनुसार इस बायपास मार्ग का निर्माण कोरोना काल के दौरान शुरू किया गया था। निर्माण कार्य दो एजेंसियों को सौंपा गया था। भोपाल की ओम इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा लगभग 1100 मीटर सीसी रोड का निर्माण करीब 98 लाख रुपए में किया गया। शेष 600 मीटर मार्ग का निर्माण नरसिंहगढ़ की विजय शर्मा निर्माण एजेंसी द्वारा लगभग 74 लाख रुपए में किया गया।

### गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोरोना जैसे आपदा काल में ठेकेदारों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया। परिणामस्वरूप सड़क कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त होने लगी और अब जगह-जगह खराब स्थिति में दिखाई दे रही है। निर्माण की खामियां इतनी गंभीर हैं कि कई स्थानों पर पेड़ों की जड़ों के ऊपर तो कहीं कटे हुए पेड के तने पर ही सीमेंट-कंक्रीट डाल दिया गया। न तो उचित अर्थवर्क किया गया और न ही तकनीकी मानकों का पालन हुआ।

### सौर लैंप भी हुए बेकार

सड़क किनारे लगाए गए दो दर्जन से अधिक सौर ऊर्जा लैंप भी शुरू होने के बाद से ही खराब हो चुके हैं। रात के समय मार्ग पर अंधेरा रहता है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिल पा रही।

### दो बार रुका निर्माण, फिर भी नहीं सुधरी स्थिति

600 मीटर के शेष निर्माण कार्य को गुणवत्ता के कारण दो बार रोका गया, लेकिन इसके बावजूद निर्माण में सुधार नहीं हुआ। आज पूरा मार्ग बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहा है।

### नोटिस तक सीमित कार्रवाई

नगर परिषद ने ठेकेदारों को नोटिस तो जारी किए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मार्ग क्षतिग्रस्त होने के बावजूद ठेकेदार मरम्मत के लिए मौके पर नहीं पहुंचे हैं। इससे प्रशासनिक सख्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### जनता में नाराजगी, जांच की मांग

नगरवासियों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी उन्हें बेहतर सड़क सुविधा नहीं मिल पाई। उल्टा यह मार्ग अब दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। लोगों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, यह बायपास मार्ग नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। जनता को अब जांच रिपोर्ट और ठोस कार्रवाई का इंतजार है, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर रोक लगाई जा सके।

### राजनीतिक मुद्दा बनने के आसार

यह मामला आगामी नगर परिषद चुनाव में बड़ा मुद्दा बन सकता है। अधूरा और क्षतिग्रस्त विकास कार्य जनता के बीच चर्चा का केंद्र बनता नजर आ रहा है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार?

मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन का कहना है कि बायपास मार्ग के संबंध में पूर्व में क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने बताया कि एक और नोटिस जारी किया जा रहा है और यदि निर्माण एजेंसी मरम्मत नहीं करती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### लाखों की लागत से बन रहा सरकारी रेस्ट हाउस चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

बीम-कॉलम में दरारें, लीपापोती से छुपाया जा रहा घटिया निर्माण

तकनीकी मापदंडों की खुलेआम अनदेखी



सारंगपुर। वर्षों से नगर में एक व्यवस्थित विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) की मांग की जा रही थी। पुराने विश्राम गृह के अनुपयोगी हो जाने के कारण जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक को निजी होटलों या दूरस्थ स्थानों पर रुकने के लिए मजबूर होना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए राज्य शासन द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से सारंगपुर में नए सर्वसुविधायुक्त विश्राम गृह के निर्माण को स्वीकृति दी गई। निर्माण कार्य का तकनीकी प्रस्ताव पीआईयू विभाग द्वारा तैयार किया गया और तय डिजाइन के अनुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी कर विधिवत भूमि पूजन के बाद काम शुरू किया गया। इस परियोजना की निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण की जिम्मेदारी भी पीआईयू विभाग के पास है, लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। निर्माण कार्य अभी शुरुआती चरण में ही है, लेकिन इसी दौरान बीम और कॉलम में दरारें दिखाई देने लगी हैं, जो निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं। मौके पर मौजूद मजदूर इन दरारों को प्लास्टर और सीमेंट से ढककर छुपाने का प्रयास करते नजर आए, जिससे साफ जाहिर होता है कि घटिया सामग्री और लापरवाही के साथ काम किया जा रहा है।

स्थल निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि मौके पर न तो कोई जिम्मेदार इंजीनियर मौजूद था और न ही विभाग का कोई अधिकृत कर्मचारी। ऐसे में पूरा निर्माण कार्य मानो भगवान भरोसे चल रहा है। यह स्थिति भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे सकती है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग रोका जा सके और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो सके।

**बोले जिम्मेदार,,,,**

आपने जानकारी दी में इंजीनियर को देख कर दिखबाती हु कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराया जायेगा।

स्वाति अग्रवाल पीआईयू राजगढ़,

प्रशासन की नाकामी से गेहूं खरीदी पर बड़ा संकट

# वादों की पोल खुली! फिर तालाबंदी कर हड़ताल पर पहुंचे सोसाइटी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

राजगढ़ जिले में प्रशासन के आश्वासनों की हकीकत एक बार फिर उजागर हो गई है जिले की सभी सहकारी सोसाइटी के कर्मचारी उदनखेड़ी सहकारी समिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं, जिससे पूरे जिले में गेहूं खरीदी,सहकारिता के कामकाज , व्यवस्था चरमराने लगी है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी कर्मचारियों ने मार्च माह में हड़ताल की थी, लेकिन जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के लिखित आश्वासन के बाद उसे स्थगित कर



दिया गया था। कर्मचारियों को उम्मीद थी कि उनकी पदोन्नति सहित अन्य मांगों पर जल्द निर्णय होगा, लेकिन प्रशासन की सुस्ती और अनदेखी के चलते आज तक कोई समाधान नहीं निकला। पदोन्नति की मांग को लेकर भड़के कर्मचारि संघ के जिला अध्यक्ष विश्राम सिंह मीणा का साफ कहना है अब सिर्फ आश्वासन नहीं, फैसला चाहिएह्व कई बार ज्ञापन देने और बातचीत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो कर्मचारियों ने फिर आंदोलन का रास्ता अपनाया।

### आत्महत्या की रोकथाम, कॅरियर, हेल्दी हैबिटस के लिए आयोजन हुआ

जीरापुर। शासकीय महाविद्यालय में एन टी एफ द्वारा विद्यार्थियों के लिए आत्म हत्या रोकथाम, करियर काउंसलिंग एवं हेल्दी हैबिट्स जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी प्राचार्य डॉ . चाष्टा द्वारा विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने और आत्म हत्या जैसे कदम न उठाने के लिए पथ प्रदर्शित किया और आशा पुर्ण जीवन जीने संबंधी दिशा निर्देश दिए गए । संयोजक पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार द्वारा विद्यार्थियों को हेल्दी हैबिट्स को अपनाने एवं अपने जीवन को सफल बनाने के लिए इन आदतों का पालन करना आवश्यक है। इसमें दिव्यांश शर्मा, हेमेंद्र फौजदार , डॉ रीना पाटीदार , मुकेश सेन , डॉ रश्मि सोनी,कनीज अंसारी आदि थे।

7 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में, गरीब परिवारों की बेटियों के लिए अनूठी पहल की शुरू

# गांगाहोनी में सुरेश गिरी करा रहे 7 जोड़ों का निःशुल्क विवाह, उपहार में मिलेगी स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

गंगाहोनी में समाजसेवा और दरियादिली की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए ग्राम गांगाहोनी के समाजसेवी सुरेश गिरी द्वारा कल 10 अप्रैल को गोस्वामी समाज का 6वां भव्य निःशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस पुनित कार्य की सबसे खास बात यह है कि इस पूरे आयोजन का भार स्वयं सुरेश गिरी द्वारा उठाया जा रहा है और किसी भी बाहरी व्यक्ति या संस्था से कोई सहयोग नहीं लिया गया है। इस सम्मेलन में गोस्वामी समाज के 7 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह बंधन में बंधेंगे। सुरेश गिरी पिछले कई वर्षों से लगातार निःशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन कर कन्याओं के हाथ पीले करने का संकल्प निभा रहा है। यह इस कड़ी का छठा सफल आयोजन है, जिसे लेकर समाज और क्षेत्र में काफी उत्साह देखा जा रहा है।



### उपहार में 'स्कूटी' और गृहस्थी का संपूर्ण सामान

नवदंपत्तियों के सुखद भविष्य और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सुरेश गिरी द्वारा प्रत्येक जोड़े को उपहार स्वरूप एक-एक स्कूटी अलमारी कुलर 25 बर्तन पलंग बिस्तर प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही घर की गृहस्थी के लिए आवश्यक अन्य सभी सामग्री और दहेज का सामान भी भेंट किया जाएगा, ताकि बेटियों को नए जीवन की शुरुआत में कोई कमी महसूस न हो।

### बिना जनसहयोग के अनूठी पहल

आज के दौर में जहां बड़े आयोजनों के लिए चंदा या सहयोग लिया जाता है, वहीं सुरेश गिरी ने स्पष्ट किया है कि यह आयोजन पूरी तरह निजी स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने किसी भी प्रकार का दान या सहयोग लेने से इंकार कर मानवता और निस्वार्थ सेवा का परिचय दिया है। इस आयोजन की चर्चा पूरे क्षेत्र में है और लोग सुरेश गिरी के इस सेवाभावी कदम की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं। वही सुरेश गिरी ने समस्त गोस्वामी समाज जनों को इस पुनीत कार्य में आने का आग्रह

**इनका कहना है**

बेटियों का विवाह करना पुण्य का कार्य है। कन्यादान महादान हमारा प्रयास है कि समाज की बेटियों का विवाह गरिमापूर्ण तरीके से हो। इलेक्ट्रिक स्कूटी देने के पीछे हमारा उद्देश्य बिना खर्च के बेटियों का आवागमन है।

**आयोजक सुरेश गिरी, पुत्र महंत श्री मंगु गिरि (भगोरा वाले)**

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 हेतु कार्यशाला संपन्न, जनसहभागिता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बनरसिंहगढ़

नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत हिंद कन्वेंट स्कूल के सभा भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता लोकेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश मालवीय, भाजपा नेता शिव वेद, भगवान दास साहू, राजू जड़िया एवं पार्षद प्रतिनिधि अंकित साहू उपस्थित रहे। नगर पालिका अधिकारी अभिषेक जैन एवं कर्मचारियों ने अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर को प्रथम स्थान दिलाने के लिए केवल नपाके सफाई मित्रों का ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों का भी महत्वपूर्ण योगदान आवश्यक है। इंदौर शहर देश में स्वच्छता में अग्रणी है, उसी तरह नरसिंहगढ़ भी बन सकता है।